मेट्रो के साथ अस्पताल भी बना रही MMRCL

Pankaj.Pandey@timesgroup.com

■ **मुंबई :** जमीन के नीचे मेट्रो मार्ग तैयार करने के साथ ही मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) जमीन के ऊपर अस्पताल भी बना रही है। उसने दो सप्ताह में 1,050 बेड के दो अस्पताल तैयार करने का जिम्मा उठाया है। ये अस्पताल दहिसर चेक नाके और बोरिवली आरटीओ कार्यालय के पास बनाए जा रहे हैं। इससे बेड की कमी से जूझ रहे अस्पतालों को कुछ राहत मिलेगी। एमएमआरसीएल के एमडी रंजीत सिंह देवल के अनुसार, 'मरीजों को जल्द उपचार उपलब्ध कराने के लिए ये दोनों अस्पताल 2 सप्ताह में तैयार हो जाएंगे।'

एमएमआरडीए कोरोना पीड़ितों के लिए देश का पहला ओपन अस्पताल बीकेसी मैदान में बना चुका है। 1,008 बेड के इस अस्पताल में नॉन क्रिटिकल मरीजों का उपचार होगा। कोरोना के क्रिटिकल मरीजों के लिए एमएमआरडीए ने बीकेसी के मैदान में दूसरे अस्पताल का काम शुरू कर दिया है। 1,000 बेड वाले इस अस्पताल में करीब 100 बेड आईसीयू के लिए होंगे। गृह निर्माण मंत्री जितेंद्र आव्हाड ने भी म्हाडा के जरिए ठाणे में 1,000 बेड का अस्पताल बनाने की घोषणा की है।

800 बेड
का अस्पताल
दहिसर चेक
नाके के पास

250 बेड
का अस्पताल
बोरिवली RTO
ऑफिस के पास